रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठी का अयोजन

जबलपुर 14 अप्रैल। रादुविवि में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय विधायक श्री अशोक रोहाणी के मुख्य आतिथ्य, माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता, अम्बेडकर स्टडी सेंटर के निदेशक प्रो. रामशंकर एवं अजाक्स कर्मचारी संघ अध्यक्ष श्री अजय झारिया की उपस्थिति में दिनांक 14 अप्रैल, 2022 को प्रातः 9.00 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

दूसरे चरण में विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरूष किसी, धर्म, जाति, अथवा वर्ग के बन्धन से ऊपर उठकर सम्पूर्ण राष्ट्र की धरोहर होते हैं। इनके ऋण से राष्ट्र कभी मुक्त नहीं हो सकता।

मुख्य अतिथि मान. श्री अशोक रोहाणी ने डॉ. अम्बेडकर जी जैसे महापुरुष के आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही। अम्बेडकर स्टडी सेंटर के निदेशक प्रो. रामशंकर ने संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर को युगदृष्टा बताते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतत्व पर अपने विचार रखे। इस दौरान प्रो. सुभाष शर्मा एवं डॉ. विशाल बन्ने ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन श्री अजय झारिया ने किया।

इस अवसर पर डॉ. हरीश यादव, श्री अनिल धनगढ़, श्री सुखदीन कटारे, डॉ. डी.पी. प्रिंजे, श्री हीरालाल भारती, श्री सुरेन्द्र राठौर, श्री राजमणि नासेरी, श्रीलाल बैगा, श्री श्याम रजक, अंकित फ्रांसिस, मिंटी पाण्डेय सहित शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।